हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, रविवार, 9 मार्च 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती


तापमान

अधिकतम 35.0 डिग्री

न्यूनतम 17. 0 डिग्री


2 टॉस्क फोर्स टीम को निरीक्षण में मिली मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में खामियां




## खबर संक्षेप

### नगरपालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पार्षदों का शपथ समारोह आज

**चांपा।** नगरपालिका परिषद चांपा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप नामदेव सहित 27 अन्य पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह रविवार 9 मार्च को दोपहर 12:30 बजे से डॉ. भीमराव अम्बेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन में होगा। समारोह में प्रदेश के श्रम, उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री लखनलाल देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। समारोह में जांजगीर-चांपा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े विशिष्ट अतिथि तथा जांजगीर-चांपा विधायक व्यास कश्यप अतिथि के रूप में शामिल होंगे। शपथ समारोह के पश्चात पालिका उपाध्यक्ष पद का निर्वाचन दोपहर 1:30 बजे से नगरपालिका कार्यालय भवन में सम्पन्न होगा।

### शिवरीनारायण नगर पंचायत उपाध्यक्ष का चुनाव 10 को

**शिवरीनारायण।** नगर पंचायत शिवरीनारायण का उपाध्यक्ष पद चुनाव 10 मार्च को होगा। इस बार नगर पंचायत चुनाव में भाजपा से 10 पार्षद और कांग्रेस से 3 पार्षद तथा 2 पार्षद निर्दलीय चुनाव जीते हैं । संख्या बल की दृष्टि से परिषद में भाजपा का पूर्ण बहुमत है। अब नगर पंचायत में उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए जोड़तोड़ का दौर चल रहा है। दोनों ही दल अपनी पार्टी का उपाध्यक्ष बनाने प्रयास में जुटे है।

### प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना 10 से 12 तक शिविर

**जांजगीर-चांपा।** बेरोजगार युवाओं में कौशल को बढ़ावा देने तथा रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना प्रारंभ की गई है। प्राचार्य, रामकृष्ण राठौर शास.पॉली. जांजगीर एवं नोडल अधिकारी प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना ने बताया कि जांजगीर-चांपा जिले के युवाओं के लिए योजना के अंतर्गत पंजीयन, आवेदन हेतु शासकीय पॉलीटेक्निक जांजगीर में 10 से 12 मार्च को दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक शिविर आयोजित किया जा रहा है। इच्छुक अभ्यर्थी इस शिविर में उपस्थित होकर निशुल्क पंजीयन, आवेदन कर सकते है। योजना के अंतर्गत 10 वीं, 12 वीं, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक उत्तीर्ण विद्यार्थी जो नियमित उच्च शिक्षा में पंजीकृत न हो, किसी नियमित जॉब नियोजन में न हो, आवेदक के परिवार में कोई सदस्य शासकीय नौकरी में न हो, परिवार के किसी सदस्य की वार्षिक आय 8 लाख से अधिक न हो व आवेदक की उम्र 21 से 24 वर्ष तक हो वे इंटर्नशिप के लिए आवेदन कर सकते हैं। इंटर्नशिप हेतु आवेदन के लिए एक ऑनलाइन पोर्टल प्रारंभ किया गया है। जिसका उपयोग करके आवेदन फार्म भरा जा सकता है, आवेदन प्रक्रिया निःशुल्क है। आवेदन फार्म भरने की अंतिम तिथि 12 मार्च है। आवेदन किसी भी लोक सेवा केन्द्र अथवा स्वयं के मोबाइल से भी किया जा सकता है।

## लगातार सामने आ रहे जहरीली शराब से मौत के मामले

# जिंदगियों को निगल रही शराब रंजिश भुनाने मिला रहे जहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

शराब का शौक जानलेवा साबित हो रहा है। रंजिश भुनाने के लिए शराब में जहर मिलाई जा रही है। जहरीली शराब कई जिंदगियों को निगल चुकी है। जिले में जहरीले शराब के सेवन से मौत के मामले लगातार सामने आ रहे है। ज्यादातर मामलों में करीबी जान पहचान वाले ही रास्ते से हटाने के लिए शराब मे जहर मिला रहे है।

जिले में शराब से मौत के मामले लगातार सामने आ रहे है। जहरीले शराब के सेवन से लोग काल के गाल में समा रहे है। पुरानी रंजिश भुनाने की नियत से जान पहचान वाले ही धोखे से जहरीली शराब पिला रहे है। जिले में जहरीली शराब से मौत के 10 मामले सामने आ चुके है। वर्ष 2023 में 15 मई को नवागढ़ थाना क्षेत्र के रोगदा में तीन लोगों की जहरीली शराब पीने से मौत हुई थी। उसके बाद 31 अगस्त को अमोदा में दो लोग काल के गाल में समा गए थे। अकलतरा क्षेत्र के परसाहीबाना में भी तीन लोगों की मौत हुई थी। इसी तरह 30 अक्टुबर 2024 को बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम बुड़गहन में दो युवकों की मौत हो गई थी। इन मामलों में आरोपी करीबी जान पहचान वाले ही निकले। रंजिश भुनाने की नियत से शराब में जहर मिलाकर दी गई थी। अब नवागढ़ थाना क्षेत्र के भठली गांव में भी शराब पीने के बाद दो लोगों की मौत हो गई है। गुरुवार 6 मार्च की शाम गांव के 25 वर्षीय रोहित तेंदुलकर और 65 वर्षीय सीताराम लहरे ने एक साथ मिलकर देशी शराब पी थी। शराब पीने के बाद दोनों की तबियत बिगड़ी। अस्पताल पहुंचने के बाद एक-एक कर दोनों ने दम तोड़ दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मौके से मिली शराब की शीशी को जांच के लिए एक्सपर्ट के पास भेजा गया है। वहीं संदिग्ध लोगों से घटना के संबंध में पूछताछ की जा रही है। रोहित और सीताराम की किससे दुश्मनी थी और उनको शराब किसने दिया था? इन सभी बातों की पुलिस बारीकी से जांच कर रही है।



भठली में शराब से हुई दो मौत के मामले में जांच करती पुलिस।

### पति को रास्ते से हटाने पत्नी ने रची थी साजिश

अकलतरा थाना क्षेत्र के परसाही बाना में 4 सितंबर 2023 को जहरीली शराब से तीन लोगों की मौत हुई थी। शराब में जहर मिला पत्नी ने प्रेमी संग पति को मारने साजिश रची थी। पति साथ दो अन्य युवकों ने भी वह ज़हरीली शराब पी ली, जिससे तीनों की मौत हो गई। संत कुमार सांडे, उसके भाई संजय सांडे और दोस्त जितेंद्र सोनकर की शराब पीने के बाद मौत हो गई थी। पुलिस ने जांच शुरू की तो शक की सुई संत की पत्नी पर जाकर थम गई। मृतक संत कुमार सांडे की पत्नी जयंती सांडे और प्रेमी प्रेम सागर रत्नाकर ने मिल कर संत कुमार को मारने के लिए देशी शराब मे जहर मिलाया था। संत कुमार को उसकी पत्नी जयंती ने जहर मिला शराब दिया। अकेले पीने के बजाय उसने अपने भाई संजय और जितेंद्र सोनकर के साथ शराब पी थी। जिसका पति संत कुमार को पता चलने के बाद वह पत्नी से मारपीट करता था, इसी वजह से पति को रास्ते से हटाने शराब मे जहर मिलाकर दिया गया।

### प्रेमी को मारने महिला ने शराब में मिलाया सुहागा

बलौदा थाना क्षेत्र के बुडगहन गांव मे शराब पीने के बाद 30 अक्टुबर 2024 को दो युवकों की मौत हुई थी। पुलिस ने गांव की महिला रजनी और उसके प्रेमी बसंत आदित्य को हत्या करने के मामले मे गिरफ्तार किया। आरोपी महिला का मृतक रुपेश सांडे और आरोपी बसंत आदित्य के साथ अवैध सम्बन्ध था। रजनी के साथ मिल कर बसंत आदित्य ने शराब मे सुहागा मिला कर जहरीली शराब रुपेश सांडे को पीने के लिए दी थी। जहरीली शराब को रुपेश और शिवा ने पी लिया, जिससे दोनों की मौत हो गई।

### धोखे से कोई और पी गया जहरीली शराब

नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम अमोदा में 31 अगस्त 2023 को शराब पीने से दो लोगों की मौत हुई थी। इस मामले में यह खुलासा हुआ कि शराब में जहर किसी और के लिए मिलाई गई थी, लेकिन उसे किसी और ने पी लिया। पुरानी रंजिश के कारण रोगदा के विजय सूर्यवंशी ने अपने मुँह बोले जीजा रोहित कुमार को पिलाने के लिए उसके घर में जहर मिली शराब छोड़ दी थी। रोहित कि बेटी ने वह शराब ललिता और किरण को बेच दी। शराब पीने के बाद ललिता बाई और किरण कुमार की मौत हो गई।

### शराब को जहरीला बनाने मिला रहे सुहागा

शराब को जहरीली बनाने के लिए उसमें सुहागा मिलाया जा रहा है। जहरीली शराब के जितने भी मामले सामने आए है उनमें सुहागा का ही प्रयोग किया गया है। सुहागा सोने को चमकाने के काम आता है। ज्वलेरी शॉप में इसका उपयोग किया जाता है। अब शराब को जहरीली बनाने के लिए इसका इस्तेमाल किया जा रहा है। सुहागा मिलने के बाद शराब के रंग में कोई परिवर्तन नहीं होता,जिसके कारण इसका पता भी नहीं चल पाता। बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम बुड़गहन में हुई घटना में आरोपियों ने ऑनलाइन शॉपिंग के माध्यम से सुहागा मंगवाया था। इसके अलावा अन्य मामलों में भी आरोपियों ने सुहागा मिलाकर ही शराब को जहरीला बनाया था।

### चल रही जांच

भठली में शराब सेवन के बाद दो लोगों की मौत के मामले में सुक्ष्मता से जांच की जा रही है। मृतकों के रिश्तेदारों के साथ ही संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर रहे है। शराब की शीशी से मिले सेम्पल के साथ ही बिसरा रिपोर्ट को जांच के लिए एक्सपर्ट के पास भेजा गया है।

-भास्कर शर्मा,
थाना प्रभारी नवागढ़

## ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक चालक की मौत, दोस्त गंभीर रूप से घायल

### आक्रोशित लोगों ने किया चक्काजाम



घटना स्थल पर चक्काजाम करते आक्रोशित ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

बिर्रा के केरा रोड में एक ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक युवक की मौत हो गई। वहीं उसका एक साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना से नाराज लोगों ने मौके पर चक्काजाम कर िदया। अधिकारियों की समझाईश के बाद चक्काजाम समाप्त हुआ।

ग्राम पंचायत बिर्रा के केरा रोड टॉकीज के सामने पर शनिवार 8 मार्च को सुबह ट्रैक्टर और बाइक चालक की आमने-सामने भिडंत हो गई। हादसे में 17 साल के बाइक चालक की मौके पर मौत हो गई और उसके साथ बैठा 19 वर्षीय दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम देवरानी निवासी हरीश कुमार अपने दोस्त अर्जुन महंत के साथ मोबाइल िरपेयरिंग कराने शनिवार की सुबह 7 बजे बिर्रा आ रहा था। वे केरा रोड में टॉकीज के पास पहुंचे थे कि तेज रफ्तार से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक को चपेट में ले लिया। हादसे में हरीश की मौके पर ही मौत हो गई।



वहीं अर्जुन गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना को अंजाम देने के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़ करके भाग गया। इधर मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। घटना की जानकारी मिलने पर मृतक के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। इसके बाद आक्रोशित लोगों ने चक्काजाम कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाईश देते हुए कुछ देर बाद चक्काजाम समाप्त कराया। पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त तक कर लिया है। वहीं पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इस हादसा में हरीश के सिर में गंभीर चोट लगी है और अधिक रक्त भाव के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मामले में ट्रैक्टर चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश में पुलिस जुट गई है।

## मौली दाई मंदिर में चोरी के 3 घंटे बाद ही आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे



जब्त जेवरात के साथ आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मौली दाई मंदिर में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने महज 3 घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से करीब 1 लाख 91 हजार के चोरी गए सोने-चांदी के आभूषण और अन्य सामान बरामद किए गए हैं।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 7 मार्च की रात नवापारा (सुकली) स्थित मौली दाई मंदिर में अज्ञात चोर ने सेंध लगाई। सुबह जब पुजारी पूजा करने पहुंचे तो मंदिर का ताला टूटा हुआ पाया और देवी-देवताओं के आभूषण, मुकुट, चक्र, टीवी और अन्य सामान गायब मिले। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल मामला दर्ज कर जांच शुरू की। मंदिर चोरी की घटना पर त्वरित जांच व कार्रवाई करते हुए महज कुछ ही घंटों में आरोपी को पकड़ लिया और चोरी का सारा सामान बरामद कर लिया गया। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वार्ड क्रमांक 10 पचेड़ा निवासी गौरीशंकर कश्यप को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने मंदिर से चोरी करने की बात कबूल की। आरोपी के घर से चोरी गए सोने-चांदी के आभूषण, टीवी, डीवीआर और अन्य सामान बरामद किया गया।

### पैर फिसलने से नहर में गिरा युवक, डूबकर मौत

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम उदयभाठा के नहर में नहाने गए 24 वर्षीय युवक गोविंद दास की पानी में डूबने से मौत हुई है। पिता के साथ दोपहर को नहर में नहाने पहुंचा हुआ था। घटना नवागढ़ थाना क्षेत्र की है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। आगे की जांच पड़ताल जारी है। मिली जानकारी अनुसार ग्राम िसऊड़. निवासी रामदास ने बताया कि वह अपनी पत्नी और पुत्र के साथ हरियाणा से काम कर उदयभाठा ससुराल लौटा था। इस बीच दोपहर करीबन 12 बजे गोविंद दास अपने पिता राम दास के साथ दोनों नहर में नहाने पहुंचे हुए थे। पुत्र गोविंद नहर में नहाने के लिए उतर रहा था तभी अचानक तेज फिसलन वाली जगह पर पैर पड़ा और वह गहरे पानी में चला गया नहर का बहाव तेज था किसी तरह से उसे बाहर निकाला और अपने साले और घर के अन्य सदस्यों को जानकारी दी। घायल को उपचार के लिए सीएचसी अस्पताल नवागढ़ लाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच उपरांत मृत घोषित किया गया। नवागढ़ थाने में घटना की जानकारी मिलने पर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्यवाही कर शव का पीएम कराया गया।

## संख्या बल के आधार पर मजबूत नजर आ रही भाजपा की स्थिति

# नगर पालिका उपाध्यक्ष की कुर्सी का फैसला आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नगर पालिका उपाध्यक्ष का चुनाव 9 मार्च को होगा। जिले के तीनों नगर पालिका में एक ही दिन उपाध्यक्ष चुने जाएंगे। अध्यक्ष और पार्षदों के शपथ ग्रहण समारोह के बाद उपाध्यक्ष चुनाव के लिए मतदान होगा। निर्वाचित पार्षदों की संख्या के आधार पर भाजपा की स्थिति मजबूत नजर आ रही है।

नगरीय निकाय के चुनाव का परिणाम 15 फरवरी को ही आ चुका है। इसके बाद सबकी नजर उपाध्यक्ष चुनाव पर टिकी है। अब 9 मार्च को नगर पालिका परिषद के उपाध्यक्ष का चुनाव होगा। जिले के जांजगीर नैला, अकलतरा और चाम्पा नगर पालिका में एक ही दिन उपाध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। तीनों स्थानों पर नवनिर्वाचित पालिका अध्यक्ष और पार्षदों के शपथ ग्रहण के बाद उपाध्यक्ष का चुनाव किया जाएगा। नगर पालिका के निर्वाचित प्रतिनिधि मतदान कर उपाध्यक्ष की कुर्सी का फैसला करेंगे। जिले के 2 नगर पालिका में भाजपा के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। वहीं एक नगर पालिका में भाजपा की बागी अध्यक्ष चुनी गई हैं। तीनों नगर पालिका में भाजपा के पार्षद भी अच्छी संख्या में जीते हैं। उपाध्यक्ष चुनाव के लिए भी भाजपा अपनी पूरी ताकत लगा रही है। जांजगीर नैला नगर पालिका के 25 में से 15 पार्षद भाजपा के हैं। वहीं कांग्रेस से 9 पार्षद निर्वाचित हुए हैं। साथ ही 1 निर्दलीय पार्षद भी है। इधर चाम्पा नगर पालिका के 27 में से 15 पार्षद भाजपा के हैं। यहां कांग्रेस के 11पार्षद चुनकर आए हैं। वहीं 1 निर्दलीय पार्षद भी निर्वाचित हुआ है। अकलतरा नगर पालिका के 18 में से 12 पार्षद भाजपा के हैं। वहीं कांग्रेस से मात्र 6 पार्षद जीते हैं। निर्दलीय 2 पार्षद भी यहां निर्वाचित हुए हैं। कांग्रेस और भाजपा द्वारा अपनी पार्टी का उपाध्यक्ष बनाने जोर लगाया जा रहा है। हालांकि संख्या बल के आधार पर भाजपा की स्थिति मजबूत नजर आ रही है। नगर पालिका के उपाध्यक्ष का चुनाव निर्वाचित पार्षद करेंगे। इस दौरान क्रॉस वोटिंग का भी खतरा रहता है। यही वजह है कि पार्षदों को अपने पक्ष में करने दोनों पार्टियों की ओर से कवायद की जा रही है। अब मतदान के बाद 9 मार्च को नगर पालिका के उपाध्यक्ष की कुर्सी का फैसला हो जाएगा।







## खबर संक्षेप

### हाईस्कूल गणित की परीक्षा संपन्न, नकल प्रकरण निरंक

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित परीक्षा वर्ष 2025 के अंतर्गत 7 मार्च को हाई स्कूल के गणित विषय की परीक्षा सम्पन्न हुई। परीक्षा हेतु बच्चों की दर्ज संख्या 13 हजार 172 उपस्थित 12 हजार 772 एवं अनुपस्थित बच्चों की संख्या 4 सौ थी। हाई स्कूल परीक्षा हेतु गठित जिला स्तरीय निरीक्षण दल क्र. 1 द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरकोमा, सेजेस करतला, शा.उ.मा.वि. बोतली ,बेहरचुंवा, रामपुर, दल क्र. 2. द्वारा सेजेस कुसमुंडा, सरस्वती कुसमुंडा,शा.उ.मा.वि. भिलाईबाजार, शा.उ.मा.वि. हरदीबाजार, सेजेस हरदीबाजार, सेजेस उतरदा, शा.उ.मा.वि. बोईदा, दल क्र. 3 द्वारा सेजेस ढेलवाडीह, सेजेस अरदा, सेजेस जवाली, शा.उ.मा.वि. डोंगरी, दल क्र. 4 द्वारा सेजेस पोंड़ीउपरोड़ा, सेजेस गुरसिया, सेजेस लमना, सेजेस मोरगा कुल 25 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। सभी परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्वक परीक्षा संचालित होना पाया गया एवं एक भी नकल प्रकरण प्राप्त नहीं हुआ।

### ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरूष के पद पर भर्ती हेतु पात्र-अपात्र की सूची जारी

**कोरबा।** जिला खनिज न्यास मद से ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरूष के पद पर भर्ती हेतु विज्ञापित पद पर प्राप्त आवेदन के आधार पर उक्त पद की अभ्यार्थियों की पात्र-अपात्र की सूची कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोरबा के सूचना पटल पर चस्पा तथा जिले की वेबसाइट में सर्वसंबंधितों के अवलोकनार्थ एवं दावा आपत्ति हेतु अपलोड कर दिया गया है। सूची के समस्त कॉलमों का उम्मीदवारा द्वारा सूक्ष्म अवलोकन कर दावा आपत्ति 21 मार्च शाम 5 बजे तक मय आवश्यक दस्तावेज सहित कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोरबा में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात किसी भी प्रकार का दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जायेगा। निर्धारित तिथि तक प्राप्त दावा आपत्ति का नियमानुसार निराकरण कर पृथक से दावा आपत्ति निराकरण सूची एवं पात्र सूची कार्यालयीन सूचना पटल पर चस्पा तथा वेबसाईट पर अपलोड किया जायेगा।

### कपिलेश्वरनाथ मंदिर परिसर में 17 से होगा संगीतमय श्रीमद भागवत

**कोरबा।** पंडित रविशंकर शुक्ल नगर में 17 से 23 मार्च तक संगीतमय श्रीमद भागवत कथा अमृत गंगा प्रवाहित होगी। श्री कपिलेश्वरनाथ महिला मंडल सेवा समिति एवं समस्त रविशंकर नगरवासियों द्वारा संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें श्रीधाम वृंदावन (मथुरा)से पधारे पंडित कृष्ण गौड़ शास्त्री ब्रजवासी कथा स्थल श्री कपिलेश्वर नाथ मंदिर प्रांगण में अपने मुखार बिंद से श्रोताओं को भागवत कथा अमृत गंगा का रसपान कराएंगे। कार्यक्रमानुसार 17 मार्च को कलश यात्रा, कथा महात्म्य के साथ कथा की शुरुआत होगी। 18 मार्च को कुन्ती स्तुति,भीष्म स्तुति श्री शुकदेव प्राकट्य की कथा, 19 मार्च को ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र, नृसिंह अवतार की कथा, 20 मार्च को वामन अवतार, श्रीरामावतार, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 21 मार्च को बाल लीला, गोवर्धन पूजा एवं छप्पन भोग, 22 मार्च को महारास कथा, श्रीकृष्ण रुक्मिणी विवाह उत्सव, 23 मार्च को सुदामा चरित्र, कुरुक्षेत्र में राधा-कृष्ण का मिलन,भगवान शुकदेव विदाई एवं व्यास पूजन, 24 मार्च को हवन, पूर्णाहुति व प्रसाद वितरण के साथ पावन धार्मिक आयोजन का समापन होगा।

### अनुषांगिक कंपनियों में महिला कल्याण समिति का होगा गठन

**कोरबा।** कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषांगिक कंपनी एसईसीएल में महिला कल्याण समिति का गठन होगा। सीआईएल के निदेशक (कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध) विनय रंजन ने एसईसीएल सहित अन्य अनुषांगिक कंपनियों के डीपी को इस आशय का पत्र जारी किया है।

सीआईएल के 50वें स्थापना दिवस और अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के अवसर पर सहायक कंपनी की महिला कर्मचारियों अर्थात कार्यकारी और गैर-कार्यकारी से मिलकर एक महिला कल्याण समिति गठित करने का निर्णय लिया गया है, जिसका नेतृत्व एक वरिष्ठ महिला कार्यकारी अधिमानतः ई-7 ग्रेड या उच्चतर करेंगी, जो सहायक कंपनी की महिला कर्मचारियों के कल्याण से संबंधित मुद्दों पर विचार-विमर्श करेगी। समिति तिमाही आधार पर अपनी बैठक बुला सकती है और संबंधित सहायक कंपनी की महिला कर्मचारियों के कल्याण के लिए अपनी सिफारिशें सहायक कंपनी के निदेशक (कार्मिक) को प्रस्तुत कर सकती है। समिति की सिफारिशों को संबंधित सहायक कंपनी के कल्याण विभाग के माध्यम से लागू किया जा सकता है। इधर, अखिल भारतीय खदान मजदूर संघ के महामंत्री सुजीत सिंह ने कहा कि बीएमएस के कोल प्रभारी के लक्ष्मा रेड्डी के प्रयास से महिला कल्याण समिति के गठन का निर्णय सीआईएल प्रबंधन द्वारा लिया गया है। महामंत्री सुजीत सिंह ने कहा कि भारतीय खदान मजदूर संघ इस मुद्दे को उठाते आ रहा है।

### चार अंडरब्रिज, बरसाती नालों, पुल पुलियों, गौरव पथ का होगा निर्माण

# बजट में सौगातों की बौछार, उद्योग मंत्री देवांगन के प्रयासों से जिले में बिछेगा सड़कों का जाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


लखनलाल।

शहर समेत पूरे जिले को विकसित बनाने के क्रम में वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन के सशक्त प्रयासों से 150 से अधिक सड़क परियोजना, सिंचाई परियोजना, गौरव पथ, अंडरब्रिज, बायपास सड़क, नालों के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए बजट में स्वीकृति मिली है। भाजपा की विष्णुदेव की सरकार में बीते सवा साल में कोरबा शहर के साथ-साथ जिले के सभी उपनगरीय व अन्य ग्रामीण इलाकों में विकास कार्य को रफ़्तार मिली है।

उल्लेखनीय है कि वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा 3 मार्च को जारी किए गए राज्य के बजट में जिले के गोपालपुर से कटघोरा फोरलेन सड़क, कटघोरा से दीपका फोरलेन सड़क, गोपालपुर से कटघोरा तक मार्ग मजबूतीकरण कार्य, चोटिया से चिरमिरी तक फोरलेन सड़क, ध्यानचंद चौक कोरबा से बजरंग चौक तक 2 लेन सड़क निर्माण, बजरंग चौक से परसाभाठा चौक बालको रिंग रोड, कोरबा 4 लेन निर्माण कार्य, रेल्वे स्टेशन कोरबा से गौमाता चौक तक बायपास मार्ग का निर्माण, एसपी ऑफिस से रजगामार बीटी रोड निर्माण कार्य, नॉनबिर्रा रामपुर बेहरचवा 27 किलोमीटर का उन्नयन के कार्य की स्वीकृति मिली है। शहर के चार प्रमुख नालों के निर्माण के लिए नगरीय निकाय अधोसंरचना विकास के तहत स्वीकृति मिली है। इसमें पोड़ीबहार चर्च से हनुमान मंदिर तक आरसीसी नाला 2 करोड़, वार्ड क्रमांक 30 दादर रोड कलवर्ट से मानिकपुर मुक्तिधाम तक कलवर्ट व नाला निर्माण 2 करोड़, मेनन शॉप से जिला अस्पताल के सामने आरसीसी नाला 2 करोड़, दर्री जोन पीएमवाय साइट से लाटा तालाब आरसीसी नाला निर्माण 2 करोड़ की स्वीकृति मिली है। कोरबा-रानीरोड-सर्वमंगला मंदिर के मध्य हसदेव नदी पर रपटा कम लो लेवल पुल व पहुंच मार्ग का निर्माण, बालको उरगा रिंगरोड पर ढेगूरनाला पर उच्च स्तरीय पुल व पहुंच मार्ग का निर्माण, बेलाकछर से रोगबहरी मार्ग पर सारबहरा नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग, बड़गाँव नवापारा मार्ग पर चोरनई नदी में उच्च स्तरीय पुल समेत कुल 17 पुल निर्माण कार्य की स्वीकृति मिली है। कोरबा शहर में 2.8 किलोमीटर लम्बा गौरव पथ के निर्माण की स्वीकृति मिली है। सीएसईबी चौक से जैन चौक–तानसेन चौक से कोसाबाड़ी चौक तक गौरव पथ का निर्माण होगा। वीआईपी मार्ग पर वाहनों के दबाव को देखते हुए इस मार्ग का कायाकल्प किया जायगा। कोरबा जिला के दूसरे सबसे बड़े नगरीय निकाय बांकीमोंगरा नगर पालिका में पेयजल की समस्या लंबे समय से है। बांकीमोंगरा के जल आवर्धन के लिए 8.20 करोड़ की स्वीकृति मिली है। इसके अलावा शासकीय दफ़्तरों का कायाकल्प भी होगा, जिसके तहत रजगामार चौकी, दर्री सीएसपी कार्यलय का उन्नयन, राजपत्रित ट्रांजिट ओर अराजपत्रितट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण, कोरबा तहसील को मॉडल तहसील भवन का निर्माण होगा।

**खास बात**

- चोटिया से चिरमिरी फोरलेन, मेजर ध्यानचंद चौक से बालको रिंग रोड फोर लेन, कटघोरा से दीपका फोरलेन समेत महत्वपूर्ण सड़कों की मिली स्वीकृति

**उद्योग मंत्री का प्रयास रंग लाया**

उद्योग मंत्री श्री देवांगन द्वारा बजट में स्वीकृति के लिए सभी विभाग नगर निगम, पीडब्लूडी, सेतु निगम, जल संसाधन विभाग के अलग अलग विकास कार्यों का प्रस्ताव राज्य शासन को दिया गया था। मंत्री श्री देवांगन के प्रयासों से कार्यों को बजट में स्वीकृति मिली है। मंत्री श्री देवांगन के प्रयासों से कोरबा शहर में बीते एक साल में 400 करोड़ के कार्यों की स्वीकृति मिली थी, जिसके बहुत से कार्य पूर्ण हो चुके है, कुछ निर्माणाधीन है, कुछ कार्य टेंडर प्रक्रिया में है।

**इन स्थानों पर अंडरब्रिज की स्वीकृति**

बजट में जिले के कई मार्गो पर रेल्वे क्रासिंग में अंडर ब्रिज के निर्माण की स्वीकृति मिली है। गौरतलब है की शहर के संजय नगर रेल्वे क्रासिंग पर अंडरब्रिज का निर्माण अब प्रारम्भ हो चुका है। कोरबा-गेवरा रेल लाइन के बालपुर रेल्वे क्रासिंग पर आरयूबी का निर्माण, कोरबा-गेवरा रेल लाइन के मड़वारानी रेल्वे क्रासिंग पर आरयूबी का निर्माण, कोरबा-गेवरा रेल लाइन के पताडी पर आरयूबी के निर्माण की स्वीकृति मिली है।

## कार की डिक्की से डेढ़ लाख रुपए ले भागे नकाबपोश, पुलिस जुटी जांच में


वह कार जिसमें लुटेरों ने दिया लूट की घटना को अंजाम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा


प्रार्थी।

एक ट्रांसपोर्टर बैंक से 2 लाख रुपए निकाल कर कार से लेबर पेमेंट करने निकला था, बीच रास्ते में एक व्यापारी को पैसे देने के लिए रुका। जैसे ही वह अपनी कार खड़ी कर काम्पलेक्स के भीतर गया 5 मिनट के भीतर ही लूटेरों ने कार का शीशा तोड़कर डिक्की में रखे 1 लाख 50 हजार रुपए लेकर फरार हो गए हैं। यह घटना शुक्रवार को दोपहर 1.25 बजे बुधवारी बाजार के समीप राम जानकी मंदिर के पास घटी घटना की सूचना पर जिला पुलिस की टीम ने अलग अलग क्षेत्रों में नाकेबंदी की लेकिन लूटेरों का कुछ पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की तहकीकात शुरु कर दी है।

सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत तुलसी नगर निवासी ट्रांसपोर्टर शैलेंद्र शर्मा 36 वर्ष पिता कांता शर्मा बुधवार को टीपी नगर स्थित आईडीबीआई बैंक से 2 लाख रुपये आहरण कर लेबर पेमेंट के लिए अपनी बलेनो कार में सवार होकर घंटाघर मुख्य मार्ग में स्थित बजाज काम्पलेक्स रामजानकी मंदिर गया था जहां उसे एक व्यापारी को 50 हजार देना था। शैलेंद्र ने काम्पलेक्स के पास अपनी कार रोकी और 2 लाख रुपए में से 50 हजार की राशि अपनी जेब में रखकर दोपहर 1.25 बजे बजाज काम्पलेक्स के भीतर चला गया। बाकी बचे 1 लाख 50 हजार रुपये उसने कार की डिग्गी में रख दिए। इस दौरान दो नकाबपोश बदमाशों ने कार का शीशा तोड़ा और कार में रखा 1 लाख 50 हजार रुपए को डिक्की से निकालकर फरार हो गए। यह घटना महज 5 मिनट के भीतर हुई। जब शैलेंद्र शर्मा काम्पलेक्स से बाहर आया तो उसकी कार की खिड़की टूटी मिली और डिक्की में रखी रकम गायब थी। शैलेंद्र ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस के अफसरों को दी। लूट की सूचना पाते ही पुलिस अफसरों के निर्देश पर जिले भर में नाकेबंदी की गई। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 303 (2), 324 (4) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरु कर दी है।

**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस**

शहर में दिन दहाड़े लूट की वारदात होने से लोग सकते मे हैं। लूट की इस वारदात को सुलझाने के लिए पुलिस की टीम शहर से बाहर जाने वाले सभी सड़कों पर चेकिंग कर रही है। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके। ज्ञात रहे कि एक सप्ताह पहले ही शहर के पॉवर हाउस रोड में लूट की वारदात हुई थी जिसे पुलिस ने दो दिन पहले ही सुलझाया था लेकिल फिर से शहर में लूट की वारदात हो जाने से पुलिस को नई चुनौती मिल गई है।

## टॉस्क फोर्स टीम को निरीक्षण में मिली मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में खामियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम का निरीक्षण करने के लिए पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत गठित टॉस्क फोर्स टीम ने पहले दिन शुक्रवार को शहर के स्कूलों का जब निरीक्षण किया तो उसे मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के संचालन में जिस तरह की खामियां मिली उससे टीम के सदस्य भी भौचक रहे गए स्थिति यह थी कि स्कूलों में मध्यान्ह भोजन के कार्यक्रम का मेन्यू चार्ट नहीं था और न ही गैस सिलेंडर और मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम का रजिस्टर कां संधारण किया गया था। मध्यान्ह भोजन को लेकर समय समय पर तमाम तरह की शिकायतें आ रही थी। कई बार मध्यान्ह भोजन प्रभारी प्रधानपाठकों को नोटिस भी जारी की गई किंतु उसके बावजूद भी मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम के संचालन में सुधार नहीं आया। वर्तमान में पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत जारी कार्यक्रम का निरीक्षण करने हेतु टॉस्क फोर्स टीम का गठन किया गया है। टीम में शिक्षकों का दल बनाया गया है जिनमें कई शिक्षक शामिल हैं। जिनके द्वारा शुक्रवार को निरीक्षण किया गया। टीम ने पाया कि जहां मध्यान्ह भोजन बनाया जात है वहां साफ सफाई नहीं हो रही है, मेन्यू के हिसाब से भोजन नहीं दिया जा रहा है और न ही मध्यान्ह भोजन बनाने हेतु सिलेंडर कर रिकार्ड दिया गया है। ऐसे कई तकनीकी खामियां टीम के सदस्यों को मिली। जिसकी रिपोर्ट जांच प्रतिवेदन के माध्यम से डीईओ को सौंपी गई है। टीम द्वारा सौंपे गए जांच प्रतिवेदन के बाद जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा सभी प्रधानपाठकों को रिकार्ड संधारण करने के निर्देश दिए हैं। टीम में मुकुंद केशव उपाध्याय के अलावा एपीओ एचआर मिरेंद, वीरु गुप्ता शामिल थे।

**जब शहर में यह हाल तो गांव में क्या स्थिति**

शहर के स्कूलों में मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम में जिस तरह की खामियां मिली है, उससे यह जाहिर होता है कि शहर के हृदय स्थल में चलने वाले स्कूलों में मध्यान्ह भोजन की यह स्थिति है तो इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि ग्रामीण अंचलों के स्कूलों में मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम का संचालन किस तरह किया जा रहा होगा। जबकि वहां निरीक्षण में विभागीय अधिकारी भी समय पर नहीं पहुंचते और शहर में अधिकारियों का दफ़्तर है और कभी भी निरीक्षण में पहुंच सकते हैं।

### डीजे सांउड सिस्टम उड़ा ले गए चोर, मामला दर्ज

**कोरबा।** जिले में चोरी की दो अलग अलग घटनाएं सामने आयी है। पहली घटना बालको थाना क्षेत्र के नेहरु नगर बालको दुर्गा मंदिर के पास घटित हुई है। जहां निवासरत रमेश केंवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसका डीजे साउंड सर्विस का दुकान राम लीला मैदान बस स्टैण्ड बालको में है। 4 मार्च की रात लगभग 10 बजे वह अपने दुकान को बंद कर अपने घर चला गया था। दुकान के सामने चार पहिया वाहन टाटा 207 क्रमांक सीजी 12 एस 0266 से डीजे साउंड सर्विस का 2 नग मोसपेड, 1 नग मिक्सर, 1 नग क्रासओवर को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया था। इसी तरह चोरी की दूसरी घटना मोरगा चौकी में घटित हुई है। मोरगा मेन रोड निवासी दिनेश कुमार अग्रवाल पिता ओमप्रकाश अग्रवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह किराना दुकान का संचालन करता है। 21 जनवरी को उसकी 9 नग देशी गाय को चरवाहा सुंदर केतमा जंगल चराने के लिए ले गया था, जो शाम को उक्त सभी गाय वापस नहीं कोई अज्ञात चोर उक्त सभी गाय को चोरी कर ले गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

### पीजी कॉलेज में कैम्पस प्लेसमेन्ट का किया गया आयोजन

**कोरबा।** शासकीय इंजीनियर विश्वेसरैया स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को कैम्पस प्लेसमेन्ट का आयोजन किया गया। शासकीय इंजीनियर विश्वेसरैया स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं प्रिज्म कॉलेज ऑफ इंस्टीट्यूशन मिलाई के संयुक्त तात्वाधान में इस कैम्पस प्लेसमेन्ट का प्रथम चरण स्नातक एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ.शिखा शर्मा ने रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम एवं शिक्षा का वर्तमान परिप्रेक्ष्य में महत्ता पर जोर देते हुये छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## नगरवासियों की सोच पर खरा उतरने की रहेगी पूरी कोशिश : राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



नगर पालिका कटघोरा के नव निर्वाचित अध्यक्ष राज जायसवाल के पदभार ग्रहण करते ही नगर की समस्याओं का निराकरण कर रहे हैं। स्वयं सुबह से ही सम्बन्धित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी के साथ निरीक्षण कर रहे हैं।

नगरवासियों को समय से शुद्ध जल मिल सके इसके लिए मलदाघाट स्थित पम्प हाउस का जाकर निरीक्षण किया। तत्पश्चात सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी जाकर निरीक्षण किया व बीएमओ श्रीमती रंजना तिर्की से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नागरिकों को बेहतर इलाज की सुविधा मिल इसके लिए प्रमुख व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई। रंजना तिर्की ने बताया कि अस्पताल में कई मूल समस्याएं हैं जिससे मरीजों को असुविधाएं हो रही है खास तौर पर एनेस्थीसिया के डॉक्टर की कमी की वजह से काफी लोगों का इलाज नहीं हो पाता है निश्चित ही अगर इन डाक्टर की पोस्टिंग हो जाती है तो कटघोरावासियो की काफी राहत मिलेगी। श्री राज ने बीएमओ को पूरा विश्वास दिलाया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कोई भी कमी ना हो इसकी पूरी कोशिश की जाएगी। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बाहर भी पूरी तरह से सफाई व्यवस्था बनी रहे इस पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर नगर पालिका के इंजीनियर कुमार राम, पार्षद संजय अग्रवाल, लालबाबू ठाकुर, हरीश यादव एवं केशव अग्रवाल, आशीष जायसवाल, राहुल डिक्सेना, आशुतोष शर्मा उपस्थित रहे।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य जागरूकता शिविर लोगों ने उठाया लाभ

**कोरबा।** शिप्रा सस्टेनेबल डेवलपमेंट फाउंडेशन ने जिले में निःशुल्क स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस अभियान के तहत, लोगों को निःशुल्क परामर्श और रक्तचाप (बीपी) जांच की सुविधा दी गई। साथ ही, परिवार नियोजन और कल्याण से जुड़ी निःशुल्क सलाह दी गई और एचआईवी, एड्स से संबंधित जानकारी व जागरूकता फैलाई गई। बीपी जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों को उच्च व निम्न रक्तचाप के प्रभाव के बारे में बताया गया, उनकी बीपी जांच की गई और स्वास्थ्यकर्मियों ने उन्हें सही खानपान के बारे में सुझाव दिए। इसी तरह, पुरुषों और महिलाओं को परिवार नियोजन के स्थायी और अस्थायी तरीकों की जानकारी दी गई। क्षेत्र में ट्रक चालकों और ऑपरेटरों को एचआईवी, एड्स के बारे में जागरूक किया गया। उन्हें यह बताया गया कि यह बीमारी कैसे फैलती है, इसके लक्षण क्या है। इसके अलावा, जरूरतमंद लोगों की निःशुल्क ब्लड शुगर जांच भी की गई और मधुमेह नियंत्रण के उपायों की जानकारी दी गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाना, पुरुषों और महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और स्वास्थ्य संबंधी पठन सामग्री (आईईसी) व जांच सेवाएं उपलब्ध कराना था।

### सर्वमंगला उद्यान का होगा कायाकल्प

**कोरबा।** सर्वमंगला मंदिर के समीप स्थित उद्यान जोन वर्तमान में अस्त-व्यस्त अवस्था में है, उसके दिन फिर से वापस आएंगे तथा वह उद्यान एक सुविकसित उद्यान का स्वरूप लेगा। शुक्रवार को निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने अधिकारियों के साथ सर्वमंगला उद्यान का निरीक्षण किया तथा उद्यान का कायाकल्प किए जाने, उद्यान में पेड़-पौधों का रोपण, पाथवे का निर्माण तथा मनोरंजन पर्यटन से जुड़ी विविध व्यवस्थाओं को शामिल करते हुए तत्काल कार्ययोजना तैयार किए जाने एवं उस पर त्वरित रूप से अमल किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध

डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B., I.D.P.C.C.M
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु नं. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट

डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai) Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
सुविधाएं
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु नं. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दंत रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट

डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.R.H
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु नं. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
24x7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं
सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु नं. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
सुविधाएं
पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु नं. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
- एलर्जी जाँच एवं इम्यूनोथेरेपी
- गले की लेजर सर्जरी
- खर्राटे का ईलाज
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
- दांतों में ज्वेलरी लगाना
- बच्चों के दूध के दांतों का इलाज एवं देखभाल



# महिला दिवस के मौके पर री-रिलीज हुई 'हाईवे'

**मुंबई।** पिछले कुछ वक्त से बॉलीवुड की कुछ चुनिंदा फिल्मों को फिर से सिनेमाघरों में रिलीज किया जा रहा है। इसी कड़ी में अब महिला दिवस के मौके पर 2014 में आई आलिया भट्ट की फिल्म 'हाईवे' 7 मार्च से सिनेमाघरों में फिर से दस्तक दे दी है। निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का एक पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'इस महिला दिवस पर स्वतंत्रता और शक्ति की यात्रा पर निकलें। नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट परिवार निडर महिलाओं की भावना का जश्न मनाता है। इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी ये फिल्म 7 मार्च से 13 मार्च तक वूमेंस डे वीक में पीवीआर और आइनॉक्स सिनेमाघरों में देखने को मिलेगी।

लाइफ Style



# तमन्ना
## कारोबार में बदल जाता है प्यार

एजेंसी ⏭ मुंबई

हाल ही में अभिनेत्री तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा के ब्रेकअप की खबरें आईं। हालांकि, दोनों में से किसी ने भी इस इस अफवाह पर कुछ नहीं कहा है। ऐसे तमन्ना भाटिया ने प्यार पर अपनी राय रखी है।तमन्ना भाटिया ने ल्यूक कौटिनहो से बातचीत में बताया है कि उनके मुताबिक प्यार की परिभाषा क्या है। बातचीत में तमन्ना भाटिया से पूछा गया कि वह प्यार के बारे में क्या सोचती हैं?

उन्होंने इस पर जवाब देते हुए कहा कि प्यार बिना शर्त होना चाहिए, चाहे वह मां-बाप से, पार्टनर से या फिर पालतू जानवर से हो। अगर आप पार्टनर से उम्मीद करना शुरू कर देते हैं तो रिश्ते कारोबार में बदल जाते हैं। तमन्ना भाटिया ने कहा 'मुझे लगता है कि लोग प्यार और रिश्ते को लेकर भ्रम में हैं। जैसे ही प्यार में शर्त आ जाती है तो यह प्यार नहीं रहता। प्यार बिना शर्त होना चाहिए। यह एकतरफा होना चाहिए। यह एक जिम्मेदारी है कि आप दूसरे के लिए क्या महसूस करते हैं। जैसे ही आप उम्मीद लगाते हैं और अगर ये सोचते हैं कि वह भी वैसा ही करे जैसा हम करते हैं तो यह एक कारोबार में बदल जाता है। मैंने महसूस किया कि अगर मैं किसी से प्यार करती हूं तो उन्हें फ्री छोड़ देना चाहिए, जैसे वो हैं उन्हें वैसे ही रहने देना चाहिए। आपको बता दें कि विजय और तमन्ना दोनों लंबे वक्त से एक कई मौकों पर एक दूसरे के साथ देखे गए। विजय ने शुभंकर मिश्रा के यूट्यूब चैनल पर बताया 'मुझे लगता है कि हम दोनों इस बात से सहमत थे कि अगर हमें साथ में समय बिताना अच्छा लगता है और हम एक-दूसरे को पसंद करते हैं, तो इसे छिपाने की क्या जरूरत है।'

## हॉलीवुड मसाला



# निक खाने में तो मालती फोन में बिजी

**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा हाल ही पति निक जोनस और बेटी मालती मैरी के साथ फैमिली डिनर के लिए गईं। लेकिन इस दौरान मालती की हरकतों ने ध्यान खींच लिया। टेबल पर जहां निक जोनस, प्रियंका और बाकी लोग बाते करनें और खाने में बिजी थे, वहीं मालती फोन में बिजी दिखीं। 3 साल की मालती फोन पर अपना फेवरेट कार्टून देख रही थी, और उसी में खोई थी। प्रियंका की इस फैमिली डिनर डेट की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।



# सिंगर जेनी पर कॉपी पेस्ट का आरोप

**लॉस एंजिल्स।** कोरियन यानी के-पॉप बैंड 'ब्लैकपिंक' की सिंगर जेनी ने हाल ही अपने नए गाने का ऐलान किया और 9 सेकेंड का टीजर रिलीज किया। गाने की ग्लोबली खूब तारीफ हो रही है, पर कुछ लोगों को यह 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के म्यूजिक जैसा लग रहा है। यूजर्स ने दावा किया है कि जेनी के गाने का म्यूजिक 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' के एक म्यूजिक से मिलता-जुलता है। उन्होंने अपने गाने के लिए 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' से आलिया का किरदार और उसका म्यूजिक कॉपी किया है। 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में जब आलिया का रानी का किरदार एंट्री करता है, तो बैकग्राउंड में जो म्यूजिक बज रहा है, बिल्कुल वही म्यूजिक जेनी ने अपने गाने में इस्तेमाल किया है।



# निर्देशन में रखने जा रहीं कदम...


**मुंबई।** अपनी अलग अदाकारी के लिए मशहूर अभिनेत्री राधिका आप्टे जल्द ही फिल्म 'कोट्या' से निर्देशन में डेब्यू करने जा रही हैं। राधिका आप्टे ने कई बॉलीवुड फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी की है। उन्होंने पिछले कुछ सालों में 'पैडमैन', 'अंधाधुन', 'मोनिका' और 'माय डार्लिंग' जैसी फिल्मों में बेहतरीन काम किया है। अब राधिका आप्टे एक्शन-फंतासी फिल्म के साथ निर्देशन में कदम रखने जा रही हैं। खबरों के मुताबिक राधिका आप्टे की फिल्म 'कोट्या' एक हिंदी/मराठी एक्शन-फंतासी है। इसमें एक प्रवासी नौजवान की कहानी दिखाई गई है। नायक एक गन्ना काटने वाला शख्स है। जबरदस्ती की एक चिकित्सा प्रक्रिया के बाद नौजवान को कुछ ताकतें मिलती हैं। इसके बाद वह उन ताकतों का इस्तेमाल अपने परिवार का कर्ज उतारने के लिए करता है।



# ओटीटी पर रिलीज हुई स्काई फोर्स...

**मुंबई।** अक्षय कुमार और वीर पहाड़िया की फिल्म 'स्काई फोर्स' जनवरी में गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज हुई थी। अब करीब छह हफ्तों बाद यह फिल्म डिजिटल प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होने लगी है। इस फिल्म को अब आप प्राइम वीडियो इंडिया पर देख सकते हैं, लेकिन खास बात यह है कि इसे देखने के लिए आपको पैसे चुकाने होंगे। सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद इस बहुप्रतीक्षित फिल्म को अब प्राइम वीडियो इंडिया पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध करा दिया गया है। हालांकि, इसे किराए पर उपलब्ध कराया गया है, यानी दर्शकों को इसे देखने के लिए 349 रुपए का शुल्क चुकाना होगा। यह शुल्क प्लेटफॉर्म की सब्सक्रिप्शन फीस से अलग है। स्काई फोर्स एक देशभक्ति आधारित ड्रामा है जो 1965 से 1988 के बीच के समय पर आधारित है।

## टीवी मसाला



# तेनाली के सामने नई चुनौती बनकर आएगी विषकन्या!

**नई दिल्ली।** सोनी सब का लोकप्रिय शो 'तेनाली रामा' अपनी दिलचस्प कहानियों से दर्शकों को लगातार रोमांचित कर रहा है। प्रतिभाशाली एक्टर कृष्ण भारद्वाज द्वारा निभाया गया तेनाली रामा का किरदार अपने चतुराई भरे किस्सों और बुद्धिमत्ता के लिए जाना जाता है। इस नए अध्याय में तेनाली एक बार फिर विजयनगर की रक्षा के लिए लौटता है, जहां काली मां (बरखा बिष्ट) द्वारा बताए गए एक भयंकर संकट का खतरा मंडरा रहा है। गिरगिट राज (सुमित कौल) पहले ही विजयनगर को नष्ट करने की अपनी खतरनाक योजना का खुलासा कर चुका है। उसने नगर में तबाही मचाने के लिए एक विशाल हाथी को छोड़ा था। अब उसके पास उससे भी घातक साथी आ गया है—विषकन्या आफरीन, जिसे पवित्रा पुनिया निभाती दिख रही हैं। नर्तकी के वेश में विजयनगर में प्रवेश करने वाली आफरीन का असली मकसद बदला लेना है। वह अपने साथ हुए अन्याय का प्रतिशोध चाहती है। उसका मुख्य निशाना राजा कृष्णदेवराय (आदित्य रेडिज) हैं, लेकिन उसका पहला वार तिम्मारसु (अमित पचौरी) पर पड़ता है, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो जाते हैं। इससे एक बुद्धि और शक्ति का रोमांचक संग्राम शुरू होता है।

### क्राइम पेट्रोल 17 मार्च से ओटीटी पर होगी रिलीज

नई दिल्ली। सीआईडी के बाद अब एक और पुराना शो नेटफ्लिक्स पर वापसी कर रहा है। क्राइम पेट्रोल भारत का एक बहुत लोकप्रिय सच्ची कहानियों पर आधारित शो है, जो 2003 में शुरू हुआ था। यह शो अपनी रोचक कहानियों और अपराध के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए जाना जाता है। अनूप सोनी ने इस शो को होस्ट किया है और असली अपराधों की कहानियों को नाटक के जरिए दिखाया है, ताकि लोग अपराध से बचाव के बारे में सीख सकें। क्राइम पेट्रोल 17 मार्च से नेटफ्लिक्स पर देखने के लिए उपलब्ध होगा। पहले यह सोनी लिव पर आता था, जहां इसे दर्शकों का भरपूर प्यार मिला। अब नेटफ्लिक्स पर आने से यह और भी लोगों तक पहुंचेगा, खासकर उनको जो क्राइम की कहानियां देखना पसंद करते हैं।




# प्रेम कहानी की रिलीज के पूरे हुए 50 साल

**नई दिल्ली।** 1975 में बनी हिंदी फिल्म प्रेम कहानी की शुक्रवार को गोल्डन जुबली थी। फिल्म को रिलीज हुए 50 साल हो गए। इस फिल्म की कहानी से लेकर इसके गाने आज भी दर्शकों के जहन में बसे हुए हैं। निर्देशक राज खोसला की सफल फिल्मों मे से एक 'प्रेम कहानी' भी थी। इस फिल्म में राजेश खन्ना, मुमताज और शशि कपूर ने मुख्य अभिनय किया था। फिल्म की कहानी प्रेम, बलिदान और सामाजिक बंधनों के इर्द-गिर्द घूमती है। यह फिल्म उस दौर के दर्शकों के दिलों को छू गई। फिल्म की कहानी से लेकर इसका संगीत भी दर्शकों को बेहद पसंद आया था। फिल्म का संगीत लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने दिया था। फिल्म 'प्रेम कहानी' की बात करें तो फिल्म में कमल (राजेश



खन्ना) नाम के एक युवक की है, जो अपनी प्रेमिका रजनी (मुमताज) से बेहद प्यार करता है। लेकिन सामाजिक और पारिवारिक दबाव के कारण उनकी प्रेम कहानी अधूरी रह जाती है। कमल का दोस्त शेर खान (शशि कपूर) भी इस कहानी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, जो अपने दोस्त के लिए बलिदान देने को तैयार रहता है। फिल्म में भावनात्मक उतार-चढ़ाव और नाटकीय मोड़ दर्शकों को बांधे रखता है।

# बॉलीवुड के ये गाने हैं महिलाओं के लिए इंस्पिरेशन जुल्म के खिलाफ लड़ने और उड़ने का देते हैं हौसला

**नई दिल्ली।** आज के दौर में महिलाओं का समाज में उतना ही रसूख है, जितना पुरुषों को है। इसी वजह से महिलाओं को आधी आबादी कहा जाता है। आज महिलाएं सक्सेसफुल हैं, बैंकर हैं, बिजनेस वूमन हैं, क्रिकेटर हैं, एक्टर हैं और पॉलिटिशियन भी हैं। इस इमेज को हासिल करने के लिए महिलाओं ने एक लंबी लड़ाई लड़ी है। महिलाओं के इसी जज्बे को सलाम करने के लिए वुमन्स डे मनाया जाता है। 8 मार्च को वुमन्स डे मनाते हैं। यह दिन सभी महिलाओं के लिए गर्व महसूस करने का दिन है! महिलाओं के लिए इस को एंजॉय करने के लिए बॉलीवुड में ऐसे कई गाने हैं, जो जोश को दोगुना कर देंगे।

### पटाका गुड्डी (हाईवे)

पटाखा गुड्डी एक जादुई गाना है जो एक ही समय में शरीर में कई अलग अलग तरह की एनर्जी का प्रवाह शरीर में कर देता है। भले ही आपका दिन खराब हो, यह गाना आपके कानों पर पड़ते ही अलग आत्मविश्वास का प्रवाह करता है। गाना महिलाओं के फ्रीडम को डेडिकेटेड है और बहुत ही खूबसूरती से गाया गया है।

### जीते चल (नीरजा)

सोनम कपूर ने 2016 की बायोपिक थ्रिलर फिल्म नीरजा में अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिया। एक्ट्रेस ने रियल लाइफ हीरो दिवंगत भारतीय एयर होस्टेस की भूमिका निभाई, जिसने एक हाईजैक हुए विमान से सैकड़ों लोगों को बचाने के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया। जीते हैं चल प्रसून जोशी की तरफ से लिखे गए शानदार गानों में से एक है।



### जिद्दी दिल (मैरी कॉम)

प्रियंका चोपड़ा दुनिया भर में लाखों लड़कियों के लिए वास्तविक जीवन की प्रेरणा हैं लेकिन उन्होंने बॉक्सर मैरी कॉम की बायोपिक में शानदार काम कर सबके दिलों में एक अहम जगह बना ली है। 2014 में रिलीज हुई स्पोर्ट्स बायोपिक, मैरी कॉम का गाना जिद्दी दिल महिलाओं को हार न मानने की प्रेरणा देता है।

### धाकड़ (दंगल)

*हमारी छोरियां छोरों से कम थोड़ी हैं। जब फिल्म को इस थीम के साथ बनाया गया होगा तो फिल्मों के गाने तो जोश से भरने वाले जरूर होंगे। आमिर खान स्टारर इस फिल्म दंगल रियल लाइफ चैंपियन गीता फोगाट और बबीता फोगाट की जिंदगी पर आधारित है। इस फिल्म का गाना 'धाकड़' दुनिया के सामने लड़कियों का लोहा मनवाने के लिए एक एंथम से कम नहीं है।*

### पिंक एंथम (पिंक)

*तापसी पन्नू-अमिताभ बच्चन स्टारर 2016 में आई कोर्ट रूम ड्रामा पिंक का गाना पिंक एंथम काफी जबरदस्त है। पूरी दिल्ली में फिल्माए गए इस गाने में वास्तविक महिलाओं को अपने अनोखे तरीके से जिंदगी का जश्न मनाते हुए दिखाया गया है। यह गाना वुमन्स डे पर काफी खास हो जाता है।*

# हर महिला को देखनी चाहिए ये 10 महिला प्रधान फिल्में

**नई दिल्ली।** 10 महिला प्रधान फिल्में हर महिला को जरूर देखनी चाहिए, क्योंकि इन फिल्मों ने महिलाओं के जीवन के ऐसे कई पहलुओं को उजागर किया है, जिन पर इससे पहले बात तक नहीं की जाती थी। 10 महिला प्रधान फिल्मों ने कई सामाजिक मान्यताओं को तोड़ा है और समाज को नए सिरे से सोचने पर मजबूर किया है। यदि आपने अभी तक ये फिल्में नहीं देखी हैं, तो आपको ये महिला प्रधान फिल्में जरूर देखनी चाहिए।

### क्वीन




*महिला प्रधान फिल्मों की बात हो और कंगना रनौत की फिल्म क्वीन का जिक्र न हो, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। क्वीन फिल्म की सबसे बड़ी खासियत है इस फिल्म का मैसेज. इस फिल्म में ये बताया गया है महिलाओं की चाहतें पुरुषों के सहारे की मोहताज नहीं हैं और कंगना रनौत ने अपनी अदाकरी से महिलाओं की भावनाओं को बहुत दमदार तरीके से प्रस्तुत किया है।*

### द डर्टी पिक्चर



*बॉलीवुड की मोस्ट टेलेंटेड एक्ट्रेस विद्या बालन की बेहतरीन फिल्मों में से एक द डर्टी पिक्चर 80 के दशक की दक्षिण भारतीय फिल्मों की कलाकार सिल्क स्मिता के जीवन पर आधारित थी। द डर्टी पिक्चर फिल्म में रुपहले पर्दे के की चमक के पीछे छुपे अंधेरे को उजागर किया गया। साथ ही महिला के शरीर के प्रति लोगों की मानसिकता को भी दर्शाया गया।*



### ऐंग्री इंडियन गॉडेसेस

ऐंग्री इंडियन गॉडेसेस फिल्म की कहानी पांच लड़कियों के ईर्दगिर्द घूमती है। ये लड़कियां हंसती भी हैं और रोती भी हैं, मस्ती भी करती हैं और दर्द भी झेलती हैं। इस फिल्म में लड़कियों के साथ छेड़छाड़, कोर्ट में इंसाफ न मिलना, मां-बाप का प्यार न मिलना जैसी कई सामाजिक समस्याओं को उजागर किया गया है। महिलाओं को ये फिल्म भी ज़रूर देखनी चाहिए।

### मॉम

बॉलीवुड की चांदनी श्रीदेवी जी भले ही आज हमारे बीच न हों, लेकिन उनकी फिल्म मॉम महिला प्रधान फिल्मों में खास स्थान रखती है। इस फिल्म में बताया गया है कि एक मां अपने बच्चों के लिए क्या कुछ कर सकती है। पूरी फिल्म श्रीदेवी यानी मॉम के ईर्दगिर्द घूमती है। इस फिल्म में भी हीरो की ज़रूरत महसूस नहीं होती।







### पिंक

तापसी पन्नू की फिल्म पिंक भी लीक से हटकर थी। इस फिल्म की कहानी तीन महिलाओं के इर्दगिर्द घूमती है और समाज को महिलाओं के बारे में काफी कुछ सोचने पर मजबूर करती है। फिल्म पिंक में बिग बी अमिताभ बच्चन ने भी दमदार अभिनय किया है।

### फायर

दीपा मेहता की फिल्म फायर दो महिलाओं के समलैंगिग रिश्तों पर आधारित कहानी है। इस फिल्म को दो साल तक सेंसर बोर्ड की हरी झंडी का इंतज़ार करना पड़ा और दो साल बाद इस फिल्म को एडल्ट कैटेगरी में सिनेमाघरों में दिखाया गया।



### लिपस्टिक अंडर माय बुर्का

विवादों से घिरी फिल्म लिपस्टिक अंडर माय बुर्का अलग-अलग उम्र की चार ऐसी महिलाओं को कहानी है, तो अपने हिसाब से आज़ादी से ज़िंदगी गुज़ारने में विश्वास रखती हैं।



कोंकणा सेन शर्मा, रत्ना पाठक शाह, आहना कुमरा, पल्बिता बोरठाकुर ने लिपस्टिक अंडर माय बुर्का फिल्म में दमदार अभिनय किया है।

### पार्चड



पार्चड यानी सूखा और इस फिल्म में गांव की तीन स्त्रियों के माध्यम से इस शब्द को भलीभांति प्रस्तुत किया गया है। पार्चड फिल्म में पुरुष प्रधान मानसिकता, महिलाओं पर अत्याचार, बाल विवाह जैसी समस्याओं का कटु सत्य को बहुत तीखे अंदाज में पेश किया गया है। पार्चड फिल्म को 24 इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया और इस फिल्म ने 18 अवॉड्र्स हासिल किए।

8 JANJ-JANJ PG-04_Layout 1 3/8/2025 10:01 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### भूविस्थापित को छह साल से लंबित राशि का किया गया भुगतान



**अकलतरा।** के एस के भूविस्थापित जीवन निर्वाह भत्ता समिति के द्वारा लगातार प्रयास के चलते आखिरकार लगभग 600 परिवारों को उनके हक का सन 2019 से लंबित राशि का भुगतान किया गया जिससे किसान परिवारों में हर्ष है। के एस के भूविस्थापित जीवन निर्वाह भत्ता समिति के सचिव अविनाश सिंह ने बताया कि प्लांट प्रबंधन के द्वारा भू विस्थापित 600 किसानों के जून जुलाई अगस्त 2019 के पेंशन की राशि प्लांट प्रबंधन के द्वारा प्रदान नहीं की गई थी। समिति के द्वारा लगभग 6 साल से लगातार इस बकाया राशि के मांग को लेकर शासन, प्रशासन, प्लांट प्रबंधन से मिलते आ रहे थे, अब जाकर 7 मार्च को सभी सहितग्राहियों के खाते में 3 माह का 26000 लगभग पैसा डलवाया गया। छह साल से लंबित राशि मिलने पर संघर्ष में समिति के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि यह समिति के सदस्यों के संघर्ष की जीत है। समिति के उपाध्यक्ष सविता भारद्वाज, सचिव अविनाश सिंह कोशाध्यक्ष राजेश साहू, बुद्धेश्वर सिंह व सभी पेंशन धारियो में हर्ष व्याप्त है।

### नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आज

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा में रविवार 9 मार्च को नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम आचार्य चाणक्य सभागार में आयोजित होगा। सुबह 11 बजे से शारदा संगीत विद्यालय परिवार के द्वारा नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में गगन जयपुरिया उपाध्यक्ष जिला पंचायत, श्रीमती मोहन कुमारी सदस्य जिला पंचायत, श्रीमती मनीषा चौहान अध्यक्ष जनपद पंचायत बम्हनीडीह, श्रीमती उत्तरा सिदार उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बम्हनीडीह, रितेश रमण सिंह सदस्य जनपद पंचायत बम्हनीडीह, श्रीमती पीली बाई साहू सरपंच ग्राम पंचायत बिर्रा का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में के आर कश्यप, आर के सोनवानी , मनोज तिवारी , मणि लाल कश्यप , रामकिशोर देवांगन , जितेंद्र तिवारी, तोषण तिवारी ,दीपक पांडेय ,बीरबल कहरा ने उपस्थिति की अपील की है। इसी प्रकार दोपहर 12 बजे छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के तत्वाधान में सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। उक्त आशय की जानकारी दते हुए छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के वरिष्ठ सदस्य रामकिशोर देवांगन संकुल समन्वयक संकुल स्रोत केंद्र बिर्रा ने छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के सदस्यों ने उपस्थिती की अपील की है।

### कृष्ण की बाल लीला व माखन चोरी प्रसंग सुन भाविभोर हुए श्रद्धालु



**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम देवरहा (बसंतपुर) में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ कथा का शुभारंभ हुआ। कथा व्यास पंडित संजय कृष्ण महराज गोविंदा, करनौद वाले है। भागवत कथा 3 मार्च को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुई। 7 मार्च को कृष्ण की बाल लीला, माखन चोरी, छप्पन भोग कथा सुनाया गया। कथा श्रवण करने के लिए नव निर्वाचित जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अध्यक्ष श्रीमती मनीषा चौहान और जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती उत्तरा सिदार, जनपद सदस्य श्रीमती राजेश्वरी भुवन कुम्हार,जनपद सदस्य अमृतबाई चौहान, जनपद सदस्य उत्तरा महान कश्यप, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि गोकुल डडसेना,जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि दुष्यंत सिंह राज,भीमसेन जायसवाल,भुवन कुम्हार, दुर्गा प्रसाद डडसेना, राजेंद्र कुमार जायसवाल, तुषार जायसवाल, निलेश राज, मयंक वास्त्रकार कथा श्रवण करने पहुंचे थे। संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का विश्राम 10 मार्च सोमवार को तुलसी वर्षा, सहस्त्र धारा कार्यक्रम के साथ होगा। श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में खिलाड़ियों, विभिन्न विधाओं, उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का किया गया सम्मान

# घर की जिम्मेदारी के साथ विभिन्न क्षेत्रों में उपस्थिति दर्ज करा रही महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मिनी मैराथन रन फॉर वुमन एंपावरमेंट, महिला सम्मेलन सह सम्मान समारोह, सेल्फी विथ मदर प्रतियोगिता, महिला जल जल जागरुकता अभियान सहित विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसके तहत शनिवार 8 मार्च को प्रातः 7 बजे मिनी मैराथन (रन फॉर वुमेन इंपावरमेंट) कचहरी चौक से हाई स्कूल मैदान तक आयोजित किया गया। इसके साथ ही हाई स्कूल मैदान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर नुक्कड़ नाटक एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर ने हाई स्कूल मैदान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इसका मूल उद्देश्य समाज में जागरूकता लाना है। उन्होंने कहा की बेटी-बेटा एक बराबर है, अगर बेटियों को अवसर मिले तो बेटियां हर क्षेत्र में जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, राजनीति समाज के हर फील्ड में बेटों के बराबर है और बेटियां बेटों से बेहतर कर सकती हैं। कार्यक्रम में विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं, बेटियों जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ऑडिटोरियम में महिला सम्मेलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर आकाश छिकारा ने कहा कि महिलाओं को सभी क्षेत्रों में विशेष कर स्वास्थ्य और शिक्षा में समान अवसर प्रदान किया जाए। उन्होंने कहा कि विकसित राष्ट्र का संकल्प लेकर हम सभी को मिलकर कार्य करना है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजनांर्तगत बालिकाओं द्वारा नृत्य की प्रस्तुति देकर मन मोह लिया। इसके साथ ही आंगनबाड़ी के नन्हे-मुन्हे बच्चों की दी गई प्रस्तुति ने पूरे कार्यक्रम को खुशनुमा बना दिया। इस दौरान बालिकाओं द्वारा ओजस्वी झांकी के माध्यम से प्रस्तुति दी गई। जिला स्तरीय कार्यक्रम में सभी विजेताओं एवं महिलांओं को पुरूस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाली महिलाओं ने संबोधित किया और अपने विचारों से सभी को प्रेरित किया। इस दौरान विभिन्न स्कूलों की छात्राओं के द्वारा सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी ने कहा कि महिलाएं न केवल घर की जिम्मेदारी संम्हाल रही है बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के उत्थान एवं आत्मनिर्भता बनने के लिए विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। डॉक्टर पायल चौधरी ने कहा कि हर क्षेत्र में महिलाएं आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि एक महिला के लिए जरूरी है कि वह आगे बड़े और आगे बढ़कर अपने मुकाम को हासिल करें। राजनीति, खेल, साहित्य सहित फिल्म इंडस्ट्रीज में अपने मजबूती के साथ पैर जमाये हुए है और यह सब हो सका है शिक्षा के माध्यम से। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, पूर्व जिला पंचायत श्रीमती नंदिनी राजवाड़े, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रियंका सिंह, श्रीमती मोहन कुमारी साहू, श्रीमती आशा साव, श्रीमती प्रीति दिव्य, जिला पंचायत सदस्य लोकेश राठौर, अध्यक्ष जिला महिला उत्पीड़न समिति श्रीमती तान्या अनुरागी पाण्डेय, श्रीमती प्रमिला चंदेल, अधिवक्ता उषा सांडिल्य, पार्षद सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, संबंधित अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में बालिकाएं-महिलाएं उपस्थित थी।



हाईस्कूल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित करते अतिथि।

### सेल्फी विथ मदर में सुलेश्वरी को मिला प्रथम स्थान

जिला प्रशासन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य सोशल मीडिया के माध्यम से सेल्फी विथ मदर का आयोजन किया गया था। जिसमें जिले के नागरिकों ने बढ़चढ़ कर अपनी हिस्सेदारी निभाई और अपनी मां के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर "सेल्फी विथ मदर" हैसटैग के साथ प्रविष्टिया आमंत्रित की गई थी। जिनमें बड़ी संख्या में लोगो ने अपनी मां के साथ फोटो को पोस्ट किया। इनमें से तीन प्रविष्टियों का चयन समिति के द्वारा किया गया। जिन्हे ऑडिटोरियम में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुरस्कृत किया गया। पहला पुरस्कार श्रीमती सुलेश्वरी यादव, दूसरा पुरस्कार श्रीमती जयंती यादव एवं तीसरा पुरस्कार श्रीमती सुमन दुबे को मिला।

## किसी भी कार्य में पुरुषों से पीछे नहीं है महिलाएं



**डभरा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नव निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधि भी उपस्थित हुए। प्रतिवर्ष 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है उसी के तहत जनपद पंचायत डभरा के द्वारा तहसील मुख्यालय डभरा में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्रीमती संयोगिता सिंह जूदेव ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है वे किसी भी कार्य में पुरुषों से पीछे नहीं है। उन्होंने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार और राज्य की विष्णु देव साय की सरकार भी महिलाओं के लिए नये नये योजना भी लागू कर महिलाओं को सशक्त बनाने में लगी है। कार्यक्रम को नगर पंचायत डभरा के अध्यक्ष दीपक साहू, डभरा भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश बरेठ जनपद पंचायत डभरा की अध्यक्ष श्रीमती अरुणा महेंद्र सिदार, उपाध्यक्ष श्रीमती अंजू संजू पटेल, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रियंका आलोक पटेल, श्रीमती सरोज डनसेना, श्रीमती शांति साहू ने भी संबोधित करते हुए सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दिये । कार्यक्रम में बिहान समूह के अंतर्गत सभी संकुल की महिला समूह उपस्थित थी। कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र दिया गया साथ ही सभी अतिथियों को मुख्य कार्यपालन अधिकारी सी के आदिले के द्वारा शॉल, श्रीफल और मोमेंटो प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन और आभार प्रदर्शन जनपद पंचायत डभरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सी के आदिले ने किया।

## नेशनल लोक अदालत में 520 प्रकरणों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वाधान एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जांजगीर-चांपा के मार्गदर्शन में व्यवहार न्यायालय अकलतरा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन तालुका विधिक सेवा समिति अकलतरा एवं खंडपीठ के पीठासीन अधिकारी श्रीमती शिवानी सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की उपस्थिति मेंकिया गया। लोक अदालत में दांडिक प्रकरण 237, सिविल प्रकरण 10 एवं 3582 प्रीलिटिगेशन प्रकरण रखे गये थे।जिसमें से 235 दाण्डिक प्रकरण, 5 सिविल प्रकरण एवं 280 प्रीलिटिगेषन प्रकरण में नेशनल लोक अदालत की खण्डपीठ 15 द्वारा स्वीकारोक्ति एवं राजीनामा के आधार पर 520 प्रकरणों का निराकरण एवं राशि 11218044 रूपये वसूली किया गया। श्रीमती शिवानी सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अकलतरा द्वारा पक्षकारों को समझाईश देकर विभिन्न प्रकरणों में राजीनामा कराया गया। कार्यक्रम में तहसील अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बसंत कैवर्त्य एवं पूर्व अध्यक्ष श्री धनराज सिंह चौहान, खण्डपीठ के सदस्य के रूप में अधिवक्ता संतोष पाण्डेय अधिवक्तागण उमाशंकर सिंह, अमिताब जैन, लालजी सोनी, बृजमोहन यादव, शांतिलाल यादव, सुकदेव दीवान, एस.डी. मिश्रा, हेमलाल पाटले, श्रवण डोगरे, दिलीप रात्रे एवं पक्षकारगण उपस्थित थे। नेशनल लोक अदालत में सुरक्षा व्यवस्था का कार्य न्यायालयीन आरक्षक द्वारा संपादित किया गया।



प्रकरणों की सुनवाई करती न्यायिक मजिस्ट्रेट।

**खास बात**

- एक करोड़ रुपए से अधिक राशि की हुई वसूली

## लक्ष्य बनाकर जीवन में आगे बढ़े महिलाएं : जांगड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

- अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओ का हुआ आयोजन

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े और कलेक्टर अमृत विकास तोपनो सहित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों कर्मचारियों एवं बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओ का नंदेलीभाठा मैदान में आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ सांसद श्रीमती जांगड़े द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर की गई। जिला प्रशासन व खेल एवं युवा कल्याण विभाग सक्ती के संयुक्त तत्वाधान में सक्ती जिले के युवाओं तथा महिलाओं में खेल के प्रति जागरुकता बढ़ाने एवं युवा गतिविधियों को बढ़ावा देने के दृष्टिकोण से जिला मुख्यालय सक्ती के नंदेली भांठा मैदान में शनिवार 8 मार्चा को विभिन्न खेल प्रतियोगिता खो-खो, कबड्डी, रस्साकसी, 100 मीटर दौड़, फुटबाल का वृहद रुप से आयोजन किया गया। उक्त आयोजन में उत्साहपूर्वक बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। इस अवसर पर नव निर्वाचित महिला जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। साथ ही जिले की महिलाओं द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने पर तथा विभिन्न खेल प्रतियोगिता में प्रदर्शन करने वाली महिलाओं व युवतियों को सम्मानित किया गया। सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने खेल प्रतियोगिता में संबोधित करते हुए कहा कि युवतियों और महिला खिलाडियों को विभिन्न खेल प्रतियोगिता में भाग लेकर तथा अन्य सभी क्षेत्रों में अपना और जिले का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी महिलाओं को लक्ष्य बनाकर जीवन में आगे बढ़ने कहा। कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं को सुदृढ़ता से आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम को जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती द्रौपती चंद्रा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रियंका पटेल, सुश्री सुशीला सिन्हा, नगर पालिका परिषद सक्ती अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, जनपद पंचायत मालखरौदा अध्यक्ष श्री कवि वर्मा ने भी संबोधित किए। इस अवसर पर नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रमौतीन बंजारे, आयुष शर्मा, श्रीमती प्रियंका पटेल , सुश्री सुशीला सिन्हा, जैजैपुर जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा खूंटे, मालखरौदा जनपद पंचायत अध्यक्ष कवि वर्मा, नगर पंचायत चंद्रपुर अध्यक्ष ओम प्रकाश देवांगन, डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार, खेल अधिकारी हरि पटेल सहित विभिन्न जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, युवा एवं महिला खिलाडियों सहित संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन व्याख्याता देवाशीष बैनर्जी द्वारा किया गया।



कार्यक्रम में उपस्थित सांसद, कलेक्टर एवं अन्य अतिथि व खिलाड़ी।

## नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों को दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जैजैपुर

नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष बल्लू बलराम चन्द्रा सहित 15 पार्षदों को नगर पंचायत के कर्मचारियों अधिकारियों द्वारा माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात एस डी एम उपेंद्र कुमार पटेल द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया।

इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों ने शपथ पत्र का वाचन किया सैकड़ो की संख्या में गांव के गणमान्य व्यक्ति एवं जन प्रतिनिधि उपस्थित थे जो उनके शपथ ग्रहण समारोह के साक्षी बने। तत्पश्चात नवनिर्वाचित अध्यक्ष बलराम चंद्रा ने कहा नगर विकास को लेकर उनके द्वारा कोई कसर नहीं छोड़ा जाएगा, अब तक के जो कार्य अधूरे पड़े हैं उन्हें पूर्ण किया जाएगा। जनता के हित में हर संभव प्रयास करेंगे, उनका प्रयास रहेगा कि नगर के अंदर मूल भूत सुविधाओं को लेकर जन सामान्य को किसी प्रकार की परेशानी ना हो, बिजली पानी सड़क सार्वजनिक वितरण प्रणाली की व्यवस्था जैसे समस्याओं का निराकरण कराया जाएगा। व्यवस्थित हाट बाजार चौपाटी का निर्माण सहित लंबित हर कार्य को आगे बढ़ाया जाएगा। इस अवसर अतिरिक्त तहसीलदार भीष्म कुमार पटेल एवं नगर पंचायत अधिकारी योगेंद्र कुमार कर्ष सहित पार्षद श्रीमती झंकेशवरी चंद्रा, दीपचंद अग्रवाल, प्रभाकर चंद्रा, बसंत साहू, बाबा चंद्रा, नरेंद्र प्रजापति, सुखदेव दिव्य, श्रीमती मंजुला थवाईत, रामेश्वरी देवांगन, मालती साहू सहित अन्य पार्षद उपस्थित थे।




शपथ लेते नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष एवं पार्षद।

## व्यापारी सेवा समिति ने पशु-पक्षियों के लिए चला रहा जल सेवा अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद

भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए व्यापारी सेवा समिति राहौद विगत तीन वर्षों से पशु-पक्षियों के लिए जल सेवा अभियान चला रही है। इस अभियान के तहत नगर के विभिन्न स्थानों पर पशुओं के लिए पानी के कोटने (टांकों) की व्यवस्था की जाती है तथा पक्षियों के लिए निशुल्क मिट्टी की प्यालियां वितरित की जाती हैं। गर्मी के मौसम में जब जल स्त्रोत सूखने लगते हैं और बेजुबान पशु-पक्षियों को पानी की भारी किल्लत का सामना करना पड़ता है, तब व्यापारी सेवा समिति का यह प्रयास जीवनदायी सिद्ध होता है। इस पहल के अंतर्गत नगर के प्रमुख स्थानों, जैसे सार्वजनिक स्थलों, मंदिरों और खुले क्षेत्रों में बड़े-बड़े पानी के पात्र रखे जाते हैं, ताकि आवारा पशुओं को पीने का स्वच्छ जल मिल सके। इसके साथ ही समिति द्वारा राहोद के नागरिकों से भी अपील की जाती है कि वे अपने घरों की छतों, आंगनों और बालकनियों में पक्षियों के लिए जलयुक्त प्यालियां रखें। समिति के सदस्यों ने बताया कि यह अभियान इस वर्ष भी पूरे नगर में व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा। इसके लिए स्थानीय व्यापारियों और समाजसेवियों के आर्थिक योगदान से यह सेवा लगातार जारी है। नागरिकों ने इस अभियान की सराहना करते हुए इसे एक नेक और प्रेरणादायी पहल बताया है। समिति के सदस्यों ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पशु-पक्षियों को गर्मी के मौसम में राहत प्रदान करना है, ताकि वे भीषण गर्मी में प्यास से व्याकुल न हों। व्यापारी सेवा समिति ने नागरिकों से इस पुण्य कार्य में भागीदार बनने की अपील भी की है। इस पहल से राहौद नगर में मानवता और जीव-प्रेम का संदेश फैल रहा है। यदि इसी प्रकार अन्य स्थानों पर भी इस तरह की सेवा कार्य किए जाएं, तो गर्मी में कई बेजुबान जीवों को राहत मिल सकती है।



### क्षेत्र 13 से विमल ने रेशम को 464 मतों से हराया

**डभरा।** अभी हाल ही में सम्पन्न हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जनपद पंचायत डभरा अंतर्गत क्षेत्र क्रमांक 12 सकराली से विमल खूंटे ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी रेशम कुर्रे को 464 मतों से हराया है। विमल खुंटे पूर्व में कांग्रेस के अजा विभाग के सक्ती जिला अध्यक्ष रहे हैं और कांग्रेस अजा विभाग के प्रदेश समन्वयक थे। विमल खुंटे इंजीनियरिंग की पढ़ाई किये हैं और पहली बार चुनाव लड़े हैं और शानदार सफलता भी अर्जित किये हैं। सकराली से जनपद सदस्य के लिए तीन उम्मीदवार मैदान में थे, जिसमें उन्होंने जीत का परचम लहराया है। उन्होंने क्षेत्र की जनता का आभार जताते हुए कहा कि जिस विश्वास के साथ क्षेत्रवासियों ने उन्हें अपना समर्थन दिया है उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा और क्षेत्र के विकास के लिए कार्य करूंगा।







